# कार्यालय प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक

उत्तर प्रदेश वन निगम फोन नं0/फैक्स–0542–2581540
एच–15 अशोक विहार कालोनी–फेज–1 पहड़िया, वाराणसी Email-dsmvar@upfc.in

**पत्रांक : 1053 /समिति नीलाम सूचना/** **दिनांक : 21-9-2026**

## समिति नीलाम सूचना

सर्वसाधारण एवं समस्त क्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वाराणसी विक्रय प्रभाग के अन्तर्गत नन्दगंज, रतनबाग, जौनपुर प्रथम, मेजा, मऊआइमा एवं फतेहपुर डिपुओं में भण्डारित वनोपज का समिति नीलाम अपरिहार्य कारणों से दिनांक 25.09.2026 के स्थान पर दिनांक 30.09.2026 को समय प्रातः 11:00 बजे से क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय, संगम पैलेस, चतुर्थ तल, सिविल लाईन (प्रयागराज) में सम्पन्न किया जायेगा। उक्त समिति नीलाम की विक्रय सूची नीलाम तिथि से 7 दिन पूर्व वन निगम की वेबसाइट www.upforestcorporation.co.in पर उपलब्ध रहेगी। शेष नियम व शर्तें पूर्ववत् रहेगी।

(तौफीक अहमद)
उप निदेशक/प्र0वि0प्र0, वाराणसी

## कार्यालय प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक, उ0प्र0 वन निगम, वाराणसी

**पत्रांक : 1053 /समिति नीलाम सूचना/** **दिनांक**

प्रतिलिपिः–1–प्रबन्धक, एम0एम0 एडवरटाइजिंग, वाराणसी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त नीलाम सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र हिन्दुस्तान प्रेस के वाराणसी, प्रयागराज एवं बरेली के आगामी संस्करण में दिनांक 22.09.2026 को न्यूनतम् स्थान (Size 5cm*5cm=25Sq cm) में प्रकाशित कराते हुये बिल दो प्रतियों में प्रेषित करने का कष्ट करें।

2–महाप्रबन्धक (विपणन), उ0प्र0 वन निगम, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

3–क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0प्र0 वन निगम, प्रयागराज से हुयी दूरभाष वार्ता के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

4–जिलाधिकारी, प्रयागराज को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि प्रमुख सचिव उ0प्र0 शासन, लखनऊ के पत्र संख्या–1265/चौदह–3–15/2015/दिनांक 29.06.2015 के क्रम में उक्त नीलाम में अपने प्रतिनिधि को नामित कर भेजने की कृपा करें।

5–प्रभागीय निदेशक, प्रयागराज को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि प्रमुख वन संरक्षक उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांक–प0 1435/16–40/जून 2015 के कम में उक्त नीलाम में अपने प्रतिनिधि को नामित कर भेजने की कृपा करें।

6–प्रभारी अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग, उ0प्र0 वन निगम, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आपकी सेवा में इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना वन निगम की अधिकृत बेबसाइट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।

7–प्रभागीय लौगिंग प्रबन्धक, उ0प्र0 वन निगम, प्रयागराज को इस आशय से कि आप दिनांक 30.09.2026 को क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय, संगम पैलेस, चतुर्थ तल, सिविल लाईन (प्रयागराज) में सम्पन्न होने वाले समिति नीलाम में समय से उपस्थित होकर समिति द्वारा किए जाने वाले नीलाम में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

8–समस्त प्रभागीय प्रबन्धक/विकय एवं लौगिंग अधिकारी उ0प्र0 वन निगम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

9–समस्त डिपो अधिकारी उ0प्र0 वन निगम, वाराणसी विक्रय प्रभाग को सूचनार्थ एवं उक्त सूचना का केताओं में व्यापक प्रचार–प्रसार करने हेतु प्रेषित।

10–नोटिस बोर्ड।

(तौफीक अहमद)
उप निदेशक/प्र0वि0प्र0, वाराणसी

*News Paper*